साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित करती है।

1. कार्यक्रम अधिकारी (अस्थायी लेकिन नियमित रहने की संभावना)
पदों की संख्या : एक (सामान्य)
वेतनमान : पे बैंड–III, रु.15,600–39,100 + ग्रेड पे रु. 5,400

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ
अनिवार्य
1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य।
2. प्रतिष्ठित प्रकाशन और शैक्षिक संस्थान में पाँच वर्षों का अनुभव और साहित्यिक कार्यक्रम आयोजन की सामर्थ्य।
3. लेखकों और प्रकाशकों के साथ अच्छा संपर्क।
4. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय
1. साहित्य में शोध/वाचस्पति की उपाधि।
2. अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भाषा में कार्य करने की दक्षता।

आयु–सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट।)

जो आवेदक केन्द्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/ कार्य से संबंधित प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवीन्द्र भवन, 35 फीरोजशाह मार्ग, नई दिल्ली–110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफाफे पर "कार्यक्रम अधिकारी पद हेतु आवेदन अंकित होना चाहिए"। ई–मेल द्वारा अथवा जरूरी प्रमाण–पत्रों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएँगा।

Website : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं.50/29/2016

प्रकाशन तिथि : 29 अक्तूबर 2016

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 28 नवंबर 2016